**NEWS CLIPPING: 18.06.2018**

**DAINIK JAGRAN**

# छात्र रुचि व योग्यता अनुसार करें करियर का चयन : प्रो . दिनेश



वाईएमसीए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . दिनेश कॅरियर संबंधी जानकारी देते हुए ● जागरण

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने युवाओं का आह्वान किया है कि वो अपनी योग्यता, क्षमता और रुचि अनुसार कॅरियर का चयन करें। चयन से पहले विद्यार्थी अपनी क्षमताओं का मूल्यांकन खुद करें कि किस क्षेत्र में वह अपना शत प्रतिशत दे सकते हैं। प्रो.दिनेश विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 'करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श' कार्यक्रम का संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा के उपरांत विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी, मार्गदर्शन और परामर्श देने के उद्देश्य से किया गया था। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि नए पाठ्यक्रमों के शुरू होने से वाईएमसीए विश्वविद्यालय में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए अब 12वीं के उपरांत कॅरियर के कई विकल्प उपलब्ध हो गए हैं। कुलपति ने कहा कि इंजीनियरिंग के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि वे जेईई परीक्षा में रैंक के अनुरूप निर्णय लें। उन्होंने कहा कि 3डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट आफ थिंग्स जैसे इंजीनियरिंग के उभरते क्षेत्र है। जहां आने वाले समय में रोजगार के काफी अवसर सृजित होंगे। इसलिए, विद्यार्थियों के लिए करियर का चयन करते समय रोजगार के भावी संभावनाओं पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पलवल तथा फरीदाबाद में विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनियरिंग कालेजों में भी दाखिले के अवसर उपलब्ध हैं। इस अवसर पर प्रसिद्ध उद्यमी एस.एस.बांगा ने अपने अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

**NEWS CLIPPING: 18.06.2018**

**AMAR UJALA**

# 'क्षमता और रूचि के हिसाब से विद्यार्थी करें करियर का चयन'

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता-रूचि के अनुरूप करियर का चयन करें। उन्होंने कहा कि करियर चयन से पहले विद्यार्थी अपनी क्षमताओं और रूचि का मूल्यांकन खुद करें कि किस क्षेत्र में वह अपना शत प्रतिशत देने में रूचि रखता है।

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार आज विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 'करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए नए कोर्स से विद्यार्थी अब 12वीं कक्षा के बाद ही अपने करियर को चुन सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न नए अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें 12वीं के उपरांत दाखिला लिया जा सकता है। इन पाठ्यक्रमों में मैथ, फिजिक्सऔर कैमिस्ट्री में बीएससी ऑनर्स, मल्टीमीडिया व एनीमेशन में बीएससी, बीसीए और बीबीए शामिल है। इस अवसर पर फरीदाबाद के जाने माने उद्यमी एस. एस बांगा ने अपने अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके अलावा कार्यक्रम को विभिन्न स्थानीय शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।



जानकारी देते कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार

**वाईएमसीए विश्वविद्यालय में करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श कार्यक्रम आयोजित**

**NEWS CLIPPING: 18.06.2018**

**DAINIK BHASKAR**

# करियर चयन से पहले विद्यार्थी अपनी क्षमता व रुचि का मूल्यांकन खुद करें : प्रो. कुमार

## वाईएमसीए विश्वविद्यालय में 'करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श' कार्यक्रम का आयोजन

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वाईएमसीए विश्वविद्यालय में 'करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा के बाद विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी, मार्गदर्शन व परामर्श दिया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता व रुचि अनुरूप करियर का चयन करें। उन्होंने कहा कि करियर चयन से पहले विद्यार्थी अपनी क्षमता व रुचि का मूल्यांकन खुद करें कि किस क्षेत्र में वह अपना शत-प्रतिशत देने में रुचि रखता है। वाईएमसीए द्वारा विभिन्न नए अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसमें 12वीं के बाद दाखिला लिया जा सकता है। इन पाठ्यक्रमों में मैथ, फिजिक्स व केमिस्ट्री में बीएससी ऑनर्स, मल्टीमीडिया व एनीमेशन में बीएससी, बीसीए व बीबीए शामिल हैं। इसके अलावा नए शिक्षण सत्र से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक भी शुरू किया गया है। बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग में सीटों की संख्या बढ़ाई गई है। बीटेक पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा ऑनलाइन काउंसलिंग के आधार पर किया जाता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि नए पाठ्यक्रमों के शुरू होने से वाईएमसीए में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए अब 12वीं के बाद करियर के कई विकल्प उपलब्ध हो गए हैं। विद्यार्थी अपनी रुचि अनुरूप पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। कुलपति ने कहा कि इंजीनियरिंग के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि वे अपने जेईई परीक्षा में रैंक के अनुरूप निर्णय लें। यदि रैंक अच्छी है तो आईआईटी या एनआईटी की प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि औसत रैंक है तो विद्यार्थियों को करियर का चयन करते हुए सतर्कता जरूरी है। ऐसे विद्यार्थियों को अपनी पसंद के क्षेत्र को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसलिए स्टूडेंट्स के लिए करियर का चयन करते समय रोजगार के भावी संभावनाओं पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

इस मौके पर फरीदाबाद के जाने-माने उद्यमी एसएस बांगा ने अपने अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके अलावा कार्यक्रम को विभिन्न स्थानीय शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने करियर को लेकर विद्यार्थियों के सवालों का जवाब दिया।

**NEWS CLIPPING: 18.06.2018**

**PUNJAB KESARI**

# विद्यार्थी अपनी क्षमता तथा रुचि के अनुरूप करें करियर का चयन: दिनेश कुमार

फरीदाबाद, 17 जून (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने आज कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता तथा रूचि के अनुरूप करियर का चयन करें। उन्होंने कहा कि करियर चयन से पहले विद्यार्थी अपनी क्षमताओं तथा रूचि का मूल्यांकन खुद करें कि किस क्षेत्र में वह अपना शत प्रतिशत देने में रूचि रखता है।



*कार्यक्रम में जानकारी देते हुए प्रो. दिनेश कुमार।*

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार आज विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित 'करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श' कार्यक्रम का संबोधित कर रहे थे, जिसका आयोजन प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था 'करियर पंडित' तथा शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के क्षेत्र में कार्यरत कंपनी 'स्कूल लालाजी' द्वारा विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा के उपरांत विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी, मार्गदर्शन तथा परामर्श देने के उद्देश्य से किया गया था।

उल्लेखनीय है कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न नये अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रम शुरू किए किए गए है, जिसमें 12वीं के उपरांत दाखिला लिया जा सकता है। इन पाठ्यक्रमों में मैथ, फिजिक्स तथा कैमिस्ट्री में बीएससी ऑनर्स, मल्टीमीडिया व एनीमेशन में बीएससी, बीसीए तथा बीबीए शामिल है।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Mon, 18 June 2018
epaper.punjabkesari.in/c/29611016

## YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 18.06.2018**

**PUNJAB KESARI (DELHI)**

# कैरियर चयन से पहले विद्यार्थी अपनी क्षमताओं का मूल्यांकन खुद करें



**फरीदाबाद** , (ब्यूरो)। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने आज कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता तथा रूचि के अनुरूप करियर का चयन करें। उन्होंने कहा कि करियर चयन से पहले विद्यार्थी अपनी क्षमताओं तथा रूचि का मूल्यांकन खुद करें कि किस क्षेत्र में वह अपना शत प्रतिशत देने में रूचि रखता है। कुलपति प्रो दिनेश कुमार आज विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श कार्यक्रम का संबोधित कर रहे थेए जिसका आयोजन प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था करियर पंडित तथा शिक्षण संस्थानों के प्रबंधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के क्षेत्र में कार्यरत कंपनी स्कूल लालाजी द्वारा विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा के उपरांत विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी, मार्गदर्शन तथा परामर्श देने के उद्देश्य से किया गया था। उल्लेखनीय है कि वाईएमसीए विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न नये अंडरग्रेजुएट पाठ्यक्रम शुरू किये किये गये हैए जिसमें 12वीं के उपरांत दाखिला लिया जा सकता है। इन पाठ्यक्रमों में मैथए फिजिक्स तथा कैमिस्ट्री में बीएससी ऑनर्स, मल्टीमीडिया व एनीमेशन में बीएससी, बीसीए तथा बीबीए शामिल है। इसके अलावाए नये शिक्षण सत्र से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक भी शुरू की गई है तथा बीटेक कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में सीटों की संख्या बढ़ाई गई है। विश्वविद्यालय के बीटेक पाठ्यक्रमों के लिए दाखिला हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा ऑनलाइन काउंसलिंग के आधार पर किया जाता है इस अवसर पर फरीदाबाद के जाने माने उद्यमी एसण् एसण् बांगा ने अपने अनुभव के आधार पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके अलावाए कार्यक्रम को विभिन्न स्थानीय शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया तथा करियर को लेकर विद्यार्थियों के सवालों का जवाब दिया।

**NEWS CLIPPING: 18.06.2018**

**HINDUSTAN**

12वीं पास छात्र लक्ष्य करें निर्धारित, वर्ष 2021 में करीब 16 लाख होंगे रोजगार, करियर काउंसलिंग में छात्रों को दी गई सलाह

# रोजगार के लिए सही करियर की पहचान करनी होगी

**मार्गदर्शन**

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वर्ष 2021 में बेरोजगारों की फौज खड़ी हो सकती है। इस दौरान सिर्फ 16.2 लाख युवाओं को नौकरियां मिलेंगी। इसमे अपना स्थान सुरक्षित करने के लिए अभी से ही 12वीं पास विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर लें। इसके साथ ही उन्हें सही करियर की पहचान करनी होगी, ताकि पढ़ाई के बाद उन्हें रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़े। यह जानकारी रविवार को वाईएमसीए विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित करियर काउंसलिंग के दौरान करियर पंडित संस्था से जुड़े काउंसलरों ने दी।

काउंसलर दिनेश कुमार ने बताया कि आंकड़े के अनुसार वर्ष 2017 में देश के विभिन्न संस्थानों से करीब एक करोड़ 28 छात्रों ने 12वीं कक्षा की पास किया है। इनमें से कुछ छात्र इंजीनियरिंग, मेडिकल, एमबीए, बीबीए की पढ़ाई पूरी करने के रोजगार की तलाश करना शुरू कर देंगे।



वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में रविवार को करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में काउंसलर दिनेश कुमार ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। • हिन्दुस्तान

**काउंसलिंग के सुबह से आते रहे छात्र :** करियर काउंसलिंग में सुबह साढ़े आठ बजे से छात्रों का पंजीकरण शुरू कर दिया गया था। करीब पांच सौ छात्रों का पंजीकरण हुआ। इस दौरान लिंग्याज, रावल इंस्टीट्यूट सहित कई इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पंजीकरण के बाद सभी छात्र वाईएसीए के सभागार में एकत्रित हुए।

**प्रत्येक सात वर्ष में बदलाव :** रोजगार के क्षेत्र में प्रत्येक सात-आठ वर्षों में बदलाव आता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए अभी से ही छात्रों को अपना करियर चुनने की जरूरत है। ऐसा नहीं करने पर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सर्वे के अनुसार आज देश में 94 फीसदी छात्र इंजीनियरिंग कर बेरोजगार हैं। इसका मुख्य कारण सही पाठ्यक्रम का चुनाव नहीं होना है। वही, कुछ छात्र लाखों के पैकेज पर देश विदेश में काम कर रहे हैं।

## टेक्नोलॉजी में हो रहा है बदलाव

करियर काउंसलर दिनेश कुमार का कहना है कि टेक्नोलाजी में तेजी से बदलाव होता है। प्रत्येक सात से आठ वर्षों में नई तकनीक आ जाती है। ऐसे में छात्रों को वर्तमान रूझान को पहचाने की जरूरत है। इस दौरान स्वयं भविष्य का चयन करना होगा। इसमें आपको गुगल और कई अन्य वेबसाइट सहायक हो सकता है। उन्होंने बताया कि आने वाला समय ड्रोन और रोबोटिक का है। वहीं, डिजिटल मार्केटिंग भी छात्रों को रोजगार दिला सकता है।

## भविष्य में इनकी मांग

काउंसलर अनिशा ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में थ्री-डी प्रींटिंग, आभासी वास्तविक्ता (वर्च्यूअल रियलिटी), फ्रीलांस प्रोफेशनल, रोबोट, ड्रोन ऑपरेटर, साइबरवार प्रोफेशनल और शहरी खेती की मांग बढ़ सकती है। खेत खत्म हो रहे हैं। प्रत्येक जगह कंक्रीट के जंगल तैयार हो रहे हैं। वहीं, कम्प्यूटर प्रोफेशनल की मांग बढ़ रही है।

## 12वीं के बाद कई हैं विकल्प

वाईएमसीए विश्वविद्याल के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि अब 12वीं पास करने के बाद करियर के कई विकल्प है। विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार पाठ्यक्रम का चयन कर सकते है। इंजीनियरिंग विद्यार्थियों की पहली पसंद है। लेकिन, ऐसे विद्यार्थियों को अच्छे कॉलेजों में दाखिला नहीं मिल रहा। ऐसे में करियर के कई अन्य विकल्प हैं।

## रोजगार के हैं काफी अवसर

उद्यमी एसएस बांगा ने कहाकि छात्रों को निराश होने की जरूरत नहीं है। भविष्य में रोजगार के कई अवसर हैं। इसके लिए अपनी मन की सुनने की जरूरत है। किसी भी काम को शुरू करने से पहले उसका अनुभव जरूर लें। इसके अलावा एक काम को एक बार करें, एक साथ कई काम करने से दिक्कत आ सकती है।

**NEWS CLIPPING: 18.06.2018**

**NAVBHARAT TIMES**

**करियर मार्गदर्शन पर कार्यक्रम का आयोजन :** एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में रविवार को करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेशर दिनेश कुमार ने कहा कि स्टूडेंट्स अपनी क्षमता और रूचि के हिसाब से अपने करियर का चयन करें। उन्होंने कहा कि वाईएससीए यूनिवर्सिटी में कई नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं, जिससे स्टूडेंट्स के पास कई बेहतर विकल्प उपलब्ध हो गए हैं। कुलपति ने कहा कि 3डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आदि इंजीनियरिंग के उभरते हुए क्षेत्र है, जहां आने वाले समय में रोजगार के काफी अवसर मिलेंगे।